## एक नजर में

### रातभर जागरण कर कथा का नाट्य मंचन, दिन में निशान जुलूस निकालकर महाआरती

**घट्टिया।** तेजा दशमी पर्व मंगलवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । तेजाजी चौक स्थित प्राचीन तेजाजी मंदिर पर आकर्षक साज सज्जा की गई। सोमवार रात को जागरण के साथ ही लोक देवता तेजाजी महाराज की कथा का नाट्य मंचन किया गया जो कि मंगलवार अल सुबह समापन के साथ एक दिवसीय मेले का शुभारंभ हुआ। मंगलवार सुबह से ही मंदिर में दर्शनार्थियों की भीड़ रही। दोपहर में मन्नतधारियों द्वारा ढोल डीजे की थाप पर अखाड़ों के करतब के साथ तेजाजी महाराज की झांकी व निशान जुलूस नगर में निकालकर शाम को मंदिर पर निशान चढ़ाकर महाआरती कर प्रसाद वितरण किया गया।

### फूल डोल चल समारोह आज

**घट्टिया।** बुधवार को जल झुलनी एकादशी पर्व हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। शाम को चारभुजा नाथ मंदिर, बड़े राम मंदिर, राम लक्ष्मण सीता मंदिर, राम हनुमान मंदिर, राधाकृष्ण मंदिर से भगवान को डोल में विराजित कर नगर भ्रमण कर ग्राम पंचायत द्वारा पूजन अर्चन के पश्चात बाजार वाली बावड़ी पर जलवा पूजन के साथ महाआरती कर प्रसाद वितरण किया जाएगा।

### नवोदय में खेलदिवस पर तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता आयोजित

**घट्टिया।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में खेल दिवस पर तीन खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्राचार्य श्री मति किरण महस्के ने मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर किया। खेल दिवस पर विद्यालय में छात्र-छात्राओं द्वारा प्रात: काल और संध्या काल में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें 100 मीटर, 200 मीटर दौड़, रस्साकसी, योग, मैराथन दौड़, बास्केटबॉल, कबड्डी सहित विभिन्न खेल स्पर्धा आयोजित की गई। जिसमें समस्त शिक्षक गण और छात्र छात्राओं ने भाग लिया। खेल दिवस पर आयोजित दिन दिवसीय कार्यक्रम में कक्षा ग्यारहवीं के मुस्कान, राशि, अनुष्का, हर्षित और सार्थक ने सहयोग प्रदान किया तथा आभार उपप्राचार्य शशि कुमार चौधरी ने माना।

### कालिदास अकादमी में नवरंग डांडिया 2025 की मचेगी धूम, 8 सितंबर से प्रशिक्षण प्रारंभ

**उज्जैन।** शारदीय नवरात्रि में पिछले 15 सालों से आयोजित हो रहे नवरंग डांडिया का आयोजन इस वर्ष भी बड़े ही भक्तिभाव से किया जाएगा। कलिदास अकादमी के परिसर में आयोजित होने वाले नवरंग डांडिया 2025 के लिए नवरंग सांस्कृतिक संस्था की बैठक आयोजित की गई। संस्था के अध्यक्ष मुकेश यादव ने बताया कि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री ओर संस्था के संरक्षक डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन ओर नवरंग डांडिया 2025 के सयोजक अभय यादव और वैभव यादव के संरक्षण में आयोजित होने वाले इस विशाल आयोजन के लिए 8 सितम्बर से नवरंग की बालिकाओं की प्रैक्टिस संस्था की पलक पटवर्द्धन द्वारा अकादमी में शुरू की जाएगी। संस्था के उपाध्यक्ष डॉ गोविंद सोलंकी ने बताया कि गरबा का प्रशिक्षण लेने वाली बालिकाएं पलक पटवर्धन के मोबाइल नंबर 9977696020 ओर संस्था के कोषाध्यक्ष योगेश ठाकुर के मोबाइल नंबर 900955559 पर सम्पर्क कर अपना नाम लिखवा सकती है।

### डॉ. सतिंदर कौर सलूजा को चिकित्सा सम्मान से सम्मानित किया

**उज्जैन।** टॉवर चौक पर ज्वलंत अमित मुकुल शर्मा म्यूजिकल ग्रुप और टावर चौपाटी संगठन द्वारा आयोजित गणेशोत्सव में डॉ. सतिंदर कौर सलूजा को चिकित्सा सम्मान से सम्मानित किया गया।

नीलू गायकवाड़ ने बताया कि टावर चौपाटी पर ज्वलंत शर्मा, अमित शर्मा, मुकुल शर्मा म्यूजिकल ग्रुप द्वारा लगातार 10 दिवसीय संगीतमय प्रस्तुतियां दी जा रही हैं। इस 10 दिवसीय आयोजन में समाजहित में अग्रणी रहने वाली डॉ. सतिंदर कौर सलूजा को चिकित्सा सम्मान से सम्मानित किया गया। संचालन डॉ. अनामिका शर्मा ने किया। कार्यक्रम में अनुभूति शर्मा, डॉ मिथिलेश शर्मा, शिवानी शर्मा, लय शर्मा, लक्ष्य शर्मा ने भी अपनी प्रस्तुतियां दीं।

### 56 भोग अर्पित कर 108 दीपों से गजानंद की महाआरती

**उज्जैन।** श्री बड़ा सराफा व्यापारी संघ द्वारा आयोजित गणेश उत्सव में

गजानंद गणपति को छप्पन भोग लगाए गए। साथ ही 108 दीपों से महाआरती की गई। संघ प्रचार मंत्री अवतार सिंह जुनेजा ने बताया कि विगत 35 वर्षो से व्यापारी संघ द्वारा गणेश उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत लाभार्थी अशोक कुमार अंश कुमार जैन परिवार ने छप्पन भोग के आयोजन का लाभ लिया तथा 108 दीपक से महाआरती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संघ अध्यक्ष रवि प्रकाश बंसल, सचिव अजय यादव सहित पदाधिकारी संजय कोठारी, शैलेन्द्र मोड़, विशाल जैन, नरेन्द्र जैन, प्रवीण जैन, किशोर लेखवानी, संतोष पोरवाल, रूपेश चतर, जय सोलंकी, नरेन्द्र नाकोड़ा, शैलेन्द्र कोठारी, लोकेश लेखवानी, दीपक डागरिया, हरीश कर्मवानी, सागर अग्रवाल, गौरव कोठारी सहित बड़ी संख्या में व्यापारी एवं जनसमूह उपस्थित रहा।

# धार्मिक वाहन रैली में दिया मिच्छामी दुक्कडम का संदेश

## श्रावक-श्राविकाओं ने की सहभागिता, सड़कों को धर्ममय बना दिया

**उज्जैन। जैन सोशल ग्रुप उज्जैन मैत्री के तत्वावधान में धार्मिक वाहन रैली एवं सामूहिक मिच्छामी दुक्कडम् कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस आयोजन ने न केवल शहर की सड़कों को धर्ममय बना दिया बल्कि समाज में एकता, सद्भावना और आत्मशुद्धि का भी अद्वितीय संदेश दिया।**

इस रैली में लगभग 60 से 70 श्रावक-श्राविकाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। सभी श्रद्धालु मिच्छामी दुक्कडम का संदेश लिखी तख्तियाँ हाथों में लिए हुए, अनुशासनबद्ध वाहनों से चलते हुए श्रद्धा और भक्ति के स्वर में गुंजायमान थे। उनके हाथों में ऊंचे उठे हुए संदेश-पट्ट समाज के हर व्यक्ति तक क्षमायाचना और मैत्री भाव का संदेश पहुंचा रहे थे। इस धार्मिक यात्रा का शुभारंभ सुभाष नगर से हुआ। इसके बाद वाहन रैली लक्ष्मीनगर, इंदिरानगर, भैरवगढ़, नयापुरा, खाराकुआं, नमकमंडी से होती हुई शांतिनाथ जी पर पहुंची, जहां इस यात्रा का मंगल समापन हुआ। सभी संघों में उत्साह से इस धार्मिक यात्रा का स्वागत किया गया।

रैली के दौरान जिन-जिन जिनालयों और स्थानकों में विराजमान साधु-साध्वी भगवंतों का दर्शन-वंदन किया गया, उन्होंने इस आयोजन की हृदय से अनुमोदना की। उनके वचनों ने इस बात को पुष्ट किया कि यह यात्रा केवल एक धार्मिक औपचारिकता नहीं है, बल्कि समाज में आपसी क्षमाभाव, भाईचारा और आत्मकल्याण का संदेश देने वाला पवित्र प्रयास है। श्रावक अपने कर्तव्यों का पालन कर रहे हैं, यही वास्तविक धर्म है।

संपूर्ण यात्रा के दौरान श्रद्धालु श्रावक-श्राविकाओं के चेहरे पर उल्लास और भक्ति का भाव देखते ही बनता था। सभी सहभागी एकरूप ड्रेस कोड में थे। पुरुष श्वेत परिधान और महिलाएं साड़ी व लाल चुनड़ी में सुसज्जित थीं। इस एकरूपता ने कार्यक्रम को और भी आकर्षक और अनुशासित स्वरूप प्रदान किया।

आयोजन के अंत में सभी समाजजनों ने यह अनुभव साझा किया कि हमारे कर्त्तव्यों में से एक यह है कि हम साधु-साध्वी भगवंतों के सान्निध्य में जाकर आत्मशुद्धि का मार्ग अपनाएं। यह रैली उसी कर्तव्य का एक सजीव उदाहरण है। इस अवसर पर संस्थापक अभिषेक सेठिया ने कहा कि मैत्री ग्रुप सदैव समाज को धार्मिक और सामाजिक एकता की ओर प्रेरित करता आया है। आज का यह आयोजन समाज की धर्मनिष्ठा और सक्रियता का प्रमाण है। अध्यक्ष अशोक कोठारी ने सभी श्रद्धालुओं को साधुवाद देते हुए कहा कि आज की यह रैली केवल यात्रा नहीं, बल्कि मिच्छामी दुक्कडम् का वास्तविक संदेश समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने का माध्यम बनी है।

सचिव संजय जैन (सोनी) ने आयोजन की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष प्रदीप पीपाड़ा, प्रकाश गांधी, संजय कोठारी और पवन दाता सहित दंपति सदस्य भी विशेष रूप से उपस्थित रहे और सभी ने आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई।

श्रावक के नियमों में यह स्पष्ट कहा गया है कि चातुर्मास में विराजमान साधु-साध्वी भगवंतों के चरणों में जाकर दर्शन, वंदन, अनुमोदना और मिच्छामी दुक्कडम् करना प्रत्येक श्रावक का पवित्र कर्तव्य है। इसीलिए जैन सोशल ग्रुप मैत्री ने इस आयोजन के माध्यम से संपूर्ण समाज को एकता के सूत्र में बांधते हुए श्रावक के नियमों का पालन कराने की प्रेरणा दी।

इस आयोजन की एक और विशेषता यह रही कि इसमें युवाओं और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। यह इस बात का प्रमाण है कि नई पीढ़ी भी धर्मकार्य में समान रूप से उत्साही और अग्रसर है। इस भव्य आयोजन ने समाज को यह संदेश दिया कि साधु-साध्वी भगवंतों के चरणों में जाकर मिच्छामी दुक्कडम् करना केवल परंपरा नहीं, बल्कि आत्मकल्याण और समाज की एकता का अद्वितीय अवसर है। जैन सोशल ग्रुप मैत्री के इस प्रयास की सराहना करते हुए सभी समाजजनों ने भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को निरंतर करते रहने का संकल्प लिया।

## जलवा व डाबरी में हर्षोल्लास से मना तेजादशमी पर्व, तेजाजी कथा का मंचन

**घट्टिया। समीपस्थ ग्राम जलवा व डाबरी में तेजादशमी पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया। तेजादशमी की पूर्व रात्री जागरण कर जलवा स्थित नागमन्दिर पर स्थानीय कलाकारों द्वारा तेजाजी कथा का शानदार मंचन किया गया।**

नाट्य मंचन के प्रमुख पात्र दरबार सिंह सोलंकी (तेजाजी), मोहनलाल डिडेल, गिरधारी प्रजापत, गट्टू चौधरी, भंवरसिंह पंवार, भेरूलाल चौधरी, बद्री प्रजापत, मोहनलाल चौहान, रामसिंह सोलंकी, पप्पूसिंह, आदि कलाकारों ने कथा का नाट्य मंचन किया। नगर में निशान जुलूस निकालकर मंदिर पर निशान चढ़ाएं गए। नाग मंदिर पुजारी पं. मुकेश रावल ने महाआरती कर प्रसाद वितरण किया।

वहीं समीपस्थ गाव डाबरी में तेजा दशमी पर्व पर स्थानीय तेजाजी मंदिर पर रात्रि जागरण कर तेजाजी कथा का आयोजन किया गया। मंगलवार सुबह पूजन अभिषेक के साथ नगर में निशान जुलूस निकालकर तेजाजी महाराज को निशान चढ़ाएं गए, महाआरती कर प्रसाद वितरण किया गया।

# नवोदय में विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित

**घट्टिया। पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में विद्यालय स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। शुभारंभ प्राचार्य श्रीमती किरण महस्के ने दीप प्रज्वलन किया। प्रदर्शनी में विद्यालय के 110 विद्यार्थियों ने विज्ञान विषय पर अनेक वर्किंग मॉडल प्रदर्शित किए ।**

प्रभारी प्राचार्य ज्ञानोदय विद्यालय उज्जैन संध्या शर्मा (भौतिक शास्त्र), मनोज कुमार पांडे (रसायन विज्ञान ), प्रमोद पाठक (जीव विज्ञान) निर्णायक मंडल के सदस्य थे। विद्यालय उप्राचार्य एसके चौधरी एवं श्रीमती सुनीता गोयल ने अतिथियों का स्वागत किया।

संचालन विज्ञान प्रदर्शनी संयोजक आर एस शर्मा ने किया। छात्र-छात्राओं ने अपने मॉडल की सहायता से विज्ञान के अनेक सिद्धांतों को सरलता से प्रदर्शित करते हुए उनके समाज उपयोगी कार्यों में नवाचार दिखाया।

कक्षा 6 से 12वीं तक के अनेक प्रतिभागियों ने सोलर ट्रैकर, स्मार्ट डस्टबिन, वाटर लेवल इंडिकेटर, 3ष्ठ आर्ट, डिजास्टर मैनेजमेंट, स्मार्ट गार्डन सिस्टम, डिजिटल हाइट मैनेजमेंट, लेजर सिक्योरिटी सिस्टम, अवरोध सुरक्षित कार एक्सीडेंट कंट्रोल सिस्टम, स्मार्ट हैंगर फॉर ड्राइंग क्लॉथस, एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग, स्मार्ट स्टेयर लाइटिंग आदि अनेक मॉडलों का प्रदर्शन किया ।

निर्णायक मंडल एवं प्राचार्य महोदया ने सभी प्रतिभागियों के मॉडल का सूक्ष्मता से अवलोकन कर मूल्यांकन किया। प्राचार्या ने संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को सदैव जिज्ञासु रहने एवं जीवन में वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने हेतु प्रेरित किया।

प्रतियोगिता के परिणाम में सोलर ट्रैकर और तथा स्मार्ट गार्डन सिस्टम मॉडलों के लिए कुमारी वेदिका कक्षा 6 और दिव्या मालवीय कक्षा 9 को प्रथम स्थान, डिजास्टर मैनेजमेंट में वंशिका राजावत कक्षा 8 को द्वितीय स्थान तथा एक्सीडेंट कंट्रोल सिस्टम में अजय चौधरी कक्षा 11 और स्मार्ट हैंगर में जितेंद्र राठौर कक्षा 9 को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

मॉडल निर्माण और विज्ञान प्रदर्शनी आयोजन में विद्यालय के सभी विज्ञान एवं गणित शिक्षकों का योगदान रहा। विज्ञान प्रदर्शनी में सभी शिक्षक शिक्षिकाओं सहित कर्मचारी उपस्थित थे। आभार प्रदर्शनी संयोजक आर एस शर्मा ने माना।

## गोल्ड, सिल्वर, ब्रांज मेडल पर किया कब्जा

**उज्जैन। मध्यप्रदेश पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन के तत्वावधान में उज्जैन जिला पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन द्वारा 27वीं जिला स्तरीय पावरलिफ्टिंग स्कॉट, बैंच प्रेस ओर डेडलिफ्ट प्रतियोगिता का आयोजन अवंतिका रेसलिंग सेंटर क्षीरसागर में हुआ। इस प्रतियोगिता में बॉडी गैरेज जिम के खिलाड़ियों ने सहभागिता की और कई पदक अपने नाम किए।**

सब जूनियर कैटेगरी में ऋतुराज डोडिया ने बैंच प्रेस में सिल्वर मेडल प्राप्त कर तीनों प्रतियोगीताओं में कुल 295 किलोग्राम वजन उठाकर ओवरऑल ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। कृष्णकांत चौहान ने जूनियर कैटेगरी में स्कॉट में सिल्वर, डेडलिफ्ट में सिल्वर, बैंच प्रेस में ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त कर कुल 490 किलोग्राम वजन उठाकर ओवरऑल सिल्वर मेडल अपने नाम किया।

वहीं गिरीश नारायणी ने बैंच प्रेस, डेडलिफ्ट और स्कॉट मे गोल्ड मेडल प्राप्त कर कुल 602.5 किलोग्राम वजन उठाकर ओवरऑल गोल्ड मेडल जीता वही डेडलिफ्ट में बेस्ट लिफ्टर का खिताब भी गिरीश ने अपने नाम किया।

जिम के संचालक पूर्व भारतीय नौसैनिक जयंत गिरी ने बताया कि बॉडी गैरेज जिम में खिलाड़ियों को पूर्ण वातानुकूलित माहौल, साफ सफाई के साथ साथ प्रोफेसनल ट्रेनिंग और हर संभव सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती है, जिससे खिलाड़ियों का मनोबल भी हमेशा बना रहता है। खिलाड़ियों का जिम में सम्मान किया गया और निकट भविष्य में आने वाली सभी प्रतियोगिता के शुभकामनाएं दीं।

## ना चंदन, ना वंदन, युवाओं के नवाचार से समाज अपग्रेड

**उज्जैन।** खंडेलवाल तकनीकी विकास समिति उज्जैन के तत्वावधान में बांके बिहारी ठाकुरजी की अध्यक्षता में अगस्त माह में देशभर में 4 अखिल भारतीय खंडेलवाल वैश्य समाज के परिचय सम्मेलन आयोजित हुए। 10 अगस्त को उज्जैन, 17 अगस्त को जयपुर, 24 अगस्त को अलवर (राजस्थान) और 31 अगस्त को दुर्ग (छत्तीसगढ़) में हुएआयोजनों में भारत के विभिन्न राज्यों के साथ अमेरिका, कनाडा-जर्मनी से युवक-युवतियों ने भाग लिया।

इन सम्मेलनों में उज्जैन व जयपुर में 145, अलवर में 120 तथा दुर्ग में 135 युवाओं ने परिचय दिया। इ 50 से अधिक रिश्तों के बनने की संभावना है। उज्जैन में युवाओं ने वृक्षारोपण किया 51 दीपों से ठाकुर जी की आरती की। जयपुर में केवल डॉक्टर और चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के लिए सम्मेलन हुआ, जहाँ 51 दीपों से आरती हुई और डिजिटल कनेक्टिविटी हेतु व्हाट्सएप ग्रुप बनाया गया। अलवर

में 101 दीपों से भव्य आरती हुई तथा युवाओं ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की महत्ता बताकर समाज को अपडेट किया। दुर्ग में युवाओं ने 51 दीपो से आरती कर, गेम्स, म्यूज़िक और क्विज़ के माध्यम से एक-दूसरे से जुड़ाव ,परिचय बढ़ाया।

जयपुर सम्मेलन में डॉ. कपिल खंडेलवाल और डॉ. दयालाल खंडेलवाल ने युवाओं को चिकित्सा दृष्टिकोण से सचेत करते हुए कहा कि आजकल 38 वर्ष की आयु में ही महिलाओं में मीनोपाज के लक्षण दिखाई देने लगते हैं। यदि विवाह में अत्यधिक विलंब होता है तो दांपत्य जीवन और संतानोत्पत्ति दोनों में गंभीर चुनौतियाँ आती हैं। उन्होंने सभी युवाओं से समय पर विवाह कर स्वस्थ जीवन एवं सुखी दाम्पत्य की शुरुआत करने का आग्रह किया। डॉ. अशोक खंडेलवाल ने बताया कि वर्ष 2026 में इसी तर्ज पर पूरे देश में बिजनेस वं ट्रेड मीट आयोजित किए जाएंगे। सम्मेलनों की सबसे बड़ी खासियत रही कि 'ना कोई माला, ना कोई दुशाला, ना कोई पंच, ना कोई सरपंच, ना मंच, ना प्रपंच, ना स्वागत भाषण, ना धन्यवाद ज्ञापन, कार्यक्रम पूर्णत: युवाओं द्वारा, युवाओं के लिए। बिना फिजूलखर्ची, समाज के संसाधनों का सर्वोत्तम उपयोग किया.

**एक नजर** उज्जैन में कार्यक्रम की शुरूआत नन्ही नृत्यांगना समृद्धि चित्तौड़ा की गणेश वंदना से हुई

# भारत विकास परिषद की प्रांतीय महिला संगोष्ठी अभिव्यक्ति का आयोजन

**उज्जैन। भारत विकास परिषद् मध्य भारत पश्चिम प्रान्त की प्रथम महिला संगोष्ठी अभिव्यक्ति का आयोजन सांदीपनि शाखा की अगुवाई में उज्जैन में हुआ।**

प्रांतीय महिला प्रमुख एवं कार्यक्रम संयोजिका पूजा चित्तौड़ा ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जीएसटी अधिकारी संगीता भदौरिया, मुख्य वक्ता राष्ट्रसेविका समिति की प्रान्त कार्यवाहिका भारती कुशवाह इंदौर एवं रीजनल महिला प्रमुख अलका कुशवाह ग्वालियर का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत देश के कई मंचों पर प्रस्तुतियां दे चुकी नन्ही नृत्यांगना समृद्धि चित्तौड़ा की गणेश वंदना एवं विनी अग्रवाल, वंदना तिवारी और तुलसी पांचाल के नृत्य से हुई।

प्रान्त अध्यक्ष घनश्याम पोरवाल के अनुसार अतिथि मार्गदर्शन के पश्चात संगोष्ठी अभिव्यक्ति में उपस्थित मुख्य अतिथि संगीता सिंह भदौरिया, डिप्टी कमिश्नर उज्जैन स्टेट जीएसटी मप्र शासन, मुख्य वक्ता ने महिलाओं को आर्थिक प्रबंधन एवं खुशहाल व्यवहार विषय पर मार्गदर्शन दिया। डॉ. भारती कुशवाह, इन्दौर, मालवा प्रान्त कार्यवाहिका, राष्ट्र सेविका समिति ने राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका वर्तमान परिप्रेक्ष्य में पर प्रकाश डाला एवं विशिष्ट अतिथि अलका कुशवाह, ग्वालियर, सेंट्रल रीजन महिला सहभागिता प्रमुख, ने कुटुम्ब प्रबोधन महिलाओं में आत्मविश्वास व आत्मसम्मान की भावना विषय पर चर्चा की। आप सभी ने अपनी गहरी सोच, अनुभव एवं चिंतन द्वारा परिषद की महिला सदस्यों की जिम्मेदारियों को पूरा करने, वंचित समाज के बीच कार्य कर उन्हें मुख्यधारा से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने एवं संगठन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया।

निश्चित ही इस महिला संगोष्ठी से आगामी वर्ष में भारत विकास परिषद में महिला सहभागिता के क्षेत्र में कार्य योजना बनाकर प्रत्येक शाखा में महिलाओं के कार्यक्रमों में नए जोश का संचार होगा। प्रान्त की विभिन्न शाखाओं से पधारी महिला सदस्यों ने विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर नाटक के माध्यम से ध्यान आकर्षित किया, जिसकी अतिथियों ने पूरे मन से प्रशंसा की और इस प्रकार के नवाचार के लिए प्रान्त का आभार माना। कार्यक्रम का सफल संचालन अदिति साबू एवं डॉ. सरोज यादव द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मध्य भारत पश्चिम प्रांत की 25 शाखाओं में से 17 शाखाओं की महिलाओं ने बड़े जोश व राष्ट्रभक्ति की भावना के साथ सहभागिता की। कुल मिलाकर 200 महिलाओं ने शिरकत की। यह जानकारी सांदीपनि शाखा अध्यक्ष अनिल वैष्णव द्वारा दी गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रेखा पोरवाल, प्रांतीय कोषाध्यक्ष पराग काबरा, शाखा अध्यक्ष अनिल वैष्णव, रीजनल पदाधिकारी ओम प्रकाश गुप्ता, प्रांतीय मार्गदर्शक ईश्वर पटेल, सुनीता सिंहल, मनीषा अग्रवाल, नीता प्रमोद जैन, सुनीता देवनारायण शर्मा, लीना खेमजी भाई चंदन, रुक्मिणी गुप्ता, कविता गुप्ता, अनीता शाह, कृष्णा चित्तौड़ा, विद्या पाठक, अंजू हरिओम गुप्ता, अंकिता रजत सूद आदि का विशेष सहयोग रहा।